>

Title: Need to enact a law to check mob lynching incidents in the country.

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण मुद्दा उठाने के लिए यहाँ खड़ा हुआ हूँ । …(व्यवधान)

आज देश के अंदर जिस तरीके से लोकतंत्र पर हमला हो रहा है, वह किसी से छुपा नहीं है । हम लोग लोकतंत्र के माध्यम से यहाँ चुनकर आए हैं । अगर इस देश में लोकतंत्र भीड़तंत्र के माध्यम से खत्म हो जाएगा, तो यह देश के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है । …(व्यवधान) मैंने जो लिखकर दिया है, मैं उसी पर आ रहा हूँ । …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आप भूमिका मत बाँधिए ।

…(व्यवधान)

**कुंवर दानिश अली:** मैं वही सवाल पूछ रहा हूँ । आपको एप्रीशियेट करना चाहिए कि हाउस शांत है । …(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से सरकार से यह पूछना चाहता हूँ कि जिस तरीके से देश के विभिन्न हिस्सों में मॉब लिचिंग हो रही है, देश में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है ।…(व्यवधान)

सुप्रीम कोर्ट ने मॉब लिचिंग के विरुद्ध कानून बनाने के लिए बक़ायदा वर्ष 2018 में फैसला दिया है । मैं सरकार से पूछना चाहता हूँ, लोक सभा के उप नेता यहाँ मौजूद हैं, …(व्यवधान) क्या सरकार सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के तहत मॉब लिचिंग के खिलाफ कोई कानून बनाने वाली है? तबरेज़ अंसारी की हत्या होती है, उसके खिलाफ……(व्यवधान)

**HON. SPEAKER:** Shri Cosme Francisco Sardinha -- Not present.